Taking about the Covid-19 pandemic, Kanitkar said that it has forced the entire academic world to look at education in new contexts. Due to the rapid pace of social changes, only distance learning and open education can fulfil the needs of students. Distance education is relevant not only for the present but also for the future, he added.

During the convocation, 19 gold medals were awarded to the students. Of these, 14 were bagged by female students and five were awarded to male students. A total of 28,659 students were awarded degrees, out of which 15,492 were male and 13,167 were female students. The chancellor medal was awarded to Lakshmi Gupta from Gorakhpur study centre of the university.

A newly constructed Atal auditorium was also inaugurated during the ceremony.

Later, in the evening, the governor inaugurated the historical Vizianagram Hall located at the science faculty campus of Allahabad University (AU). She also released a special postal cover on this heritage building which has been recently restored by AU. During the day, the governor also attended programmes at an anganwadi centre, Katra Bakhtiyari and Allahabad Museum. She also chaired the zonal level meeting of Red Cross Society held at Circuit House.

BBD GROUP ** वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 5 मार्च, 2021 लखनऊ, महानगर, वर्ष 16, अंक 63, 12 पेज, 2.00 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सच, सिर्फ सच

कम नहीं होगी ईपीएफओ ब्याज दर

ईपीएफओ ने वर्ष 2020- 21 के दौरान ईपीएफ जमा पर ब्याज दर को 8 .5 प्रतिशत पर बनाये रखने का फैसला किया। } 11

विश्व में सबसे अधिक चुनौतियों का सामना कर रही सेना

सीडीएस बिपिन रावत ने कहा कि भारतीय सेना विश्व की किसी भी अन्य सेना की तुलना में अधिक चुनौतियों का सामना कर रही है। इसलिए रक्षा क्षेत्र में सरचनात्मक सुधार की आवश्यकता है। } 10

} 12

विद्यार्थी देश और समाज की सेवा का संकल्प लें : राज्यपाल

- आंगनवाड़ी केंद्रों को गोद ले विश्वविद्यालय और महाविद्यालय
- कोविड काल में दूरस्थ शिक्षा की प्रासंगिकता और भी बढ़ गयी
- इलाहाबाद विश्वविद्यालय के नवनिर्मित विजयनगर हाल का किया उद्घाटन

जिला संवाददाता

प्रयागराज। राज्यपाल श्रीमती आनंदी बने पटेल ने कहा कि आज उपाधि प्राप्त विद्यार्थियों के जीवन का एक चरण पूरा हो गया है, परन्तु व्यावहारिक जीवन की चुनौतियों के मद्देनजर वे जातिगत, सम्प्रदायगत, भाषाई और अन्य प्रकार के भेदभावों से ऊपर उठकर एक आदर्श भारतीय नागरिक के रूप में देश और समाज की सेवा का संकल्प लें और देश की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा की गौरव-गरिमा के पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरण में अपनी सुयोग्य भूमिका निभाएं। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल गुरुवार को उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के 15वें दीक्षान्त समारोह को सम्बोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र तथा समाज के लक्ष्यों की प्राप्ति का सबसे महत्वपूर्ण साधन शिक्षा है। शिक्षा के माध्यम से समाज में बदलाव लाया जा सकता है। शिक्षा के साथ-साथ बच्चों का स्वास्थ्य एवं पोषण भी आवश्यक है, इसके लिए परिवार एवं शिक्षकों की भूमिका बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित नहीं होना चाहिए। अध्यापक गांव में जाकर अभिभावकों को बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करें।

आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले बच्चों एवं वहां की व्यवस्थाओं पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में मुख्यतः गरीब परिवार के बच्चे पढ़ते है। विश्वविद्यालयों एवं कालेजों तथा अन्य संस्थाओं को आंगनबाड़ी केन्द्रों को गोद लेने के लिए आगे बढ़कर कार्य करना चाहिए। श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कहा कि कहा कि दहेज जैसी कुप्रथा को समाप्त करने के लिए भी सभी लोगो को आगे बढ़कर कार्य करना चाहिए तथा दहेज के कारण समाज में होने वाली घटनाओं तथा उसके परिणामों के बारे में लोगो को जागरूक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा के 50 प्रतिशत शैक्षिक सूचकांक को प्राप्त करना है तो प्राथमिक शिक्षा का स्तर उठाने के साथ ही साथ नामांकन अनुपात को भी बढ़ाना होगा। इसके लिए उन्होंने 5 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों को प्राथमिक शिक्षा से जोड़ने का आह्वान किया। राज्यपाल ने बच्चों को स्कूल जाने हेतु प्रेरित करने के लिए छोटे स्कूली बच्चों को बैग एवं पुस्तकों का वितरण अपने हाथ से किया। श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कहा कि वर्तमान युग दूरस्थ शिक्षा का है और इसका क्षेत्र अत्यन्त व्यापक है। औपचारिक शिक्षा की तुलना में यह ज्यादा व्यावहारिक, महत्वपूर्ण तथा सार्थक होती जा रही है। कोविड काल में इसकी प्रासंगिकता और भी बढ़ गई है। 15वें दीक्षान्त समारोह में विभिन्न विद्या शाखाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले शिक्षार्थियों को 19 स्वर्ण पदक प्रदान किये गए, जिनमें 5 स्वर्ण पदक छात्रों तथा 14 स्वर्णपदक छात्राओं की झोली में आए। दीक्षान्त समारोह में सत्र दिसम्बर 2019 तथा जून 2020 की परीक्षा के सापेक्ष उत्तीर्ण लगभग 28659 हजार शिक्षार्थियों को उपाधि प्रदान की गई, जिसमें 15492 पुरूष तथा 13167 महिला शिक्षार्थी रहे। इस अवसर पर राज्यपाल ने बच्चों को स्कूल जाने हेतु प्रेरित करने के लिए बैग एवं पुस्तकों का वितरण अपने हाथ से किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुकुल कानितकर, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

इसके बाद एक अन्य कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज के नवनिर्मित विजयनगरम हाल का उद्घाटन भी किया।

प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण

प्रयागराज। राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज प्रयागराज के कटरा स्थित बखितयारी प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आंगनबाड़ी केन्द्रों को सुविधा सम्पन्न करने हेतु आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। राज्यपाल द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र से सम्बंधित आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया गया। राज्यपाल ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कराई और उन्हें अच्छे से खानपान, सरकारी अस्पताल में ही डिलीवरी कराने, स्वच्छता का विशेष ख्याल रखने आदि की सीख दी तथा गर्भवती महिलाओं को पोषण किट का वितरण किया। इसके अलावा अलिस्फा फातिमा का अन्नप्राशन कराया। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 3 से 6 साल के बच्चें आते है, इसलिए इन केन्द्रों पर बच्चों के खेलने के लिए खिलौने एवं उनकी उपयोग की वस्तुएं होनी चाहिए, जिससे कि बच्चों का मन भी लगे और उनकी देखभाल के साथ-साथ उनको उचित पोषण भी मिलना चाहिए।

वूमेन एक्सप्रेस

www.womenexpress.in Email: thewomenexpress@gmail.com Women Express tv

• वर्ष 9 • अंक 18 • हिन्दी दैनिक • नई दिल्ली शुक्रवार 5 मार्च 2021 • पृष्ठ 8 • मूल्य 1 रुपया • डाक पंजीयन DL (E)-20/5448/2017-19

5 वर्ष तक के बच्चों को प्राथमिक शिक्षा से जोड़ें: राज्यपाल

उ. प्र. राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के 15 वें दीक्षांत समारोह में 19 को मिले स्वर्ण पदक

(विनोद मिश्रा/वूमेन एक्सप्रेस)

प्रयागराज, 4 मार्च । उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बृहस्पतिवार को यहां कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत 2030 तक 50 प्रतिशत युवाओं को उच्च शिक्षा का लक्ष्य तभी हासिल हो सकेगा जब प्राथमिक विद्यालयों में बचों की शिक्षा सुनिश्चित करने पर ध्यान दिया जाए। उत्तर प्रदेश राजिर्ष टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के 15वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने प्रदेश की आंगनवाडियों में सभी मूलभूत जरूरतों को उपलब्ध कराने के लिए सरकारी और निजी शैक्षणिक संस्थानों से इन आंगनवाडियों को गोद लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, पूरे प्रदेश में 3031 सरकारी विश्वविद्यालय और 4050 निजी विश्वविद्यालय हैं। इनके साथ 50,000 से अधिक कॉलेज हैं। यदि एकएक कालेज प्रदेश की सभी आंगनवाडियों को गोद लें तो इन आंगनवाडियों को वे सभी चीजें मिल जाएंगी, जो हम चाहते हैं।''

पटेल ने कहा, दहेज जैसी कुरीतियों का हल शिक्षा है। एक बार मैंने जेल देखने का मन बनाया और 1518 साल की लड़कियों को अपने साथ महिला जेल दिखाने गई। वहां उन लड़कियों ने महिला कैदियों से बातचीत की जिससे पता चला कि लगभग 325 महिलाओं को दहेज के लिए बहू की हत्या करने के लिए सजा हुई है।'' उन्होंने कहा कि लड़कियों को जेल दिखाने का मकसद उन बुराइयों से रूबरू कराना था जिनकी वजह से महिलाएं जेल में सड़ती हैं।

उन्होंने कहा कि शिक्षा के जरिए इन सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए सामूहिक इच्छाशक्ति की जरूरत है और विश्वविद्यालय ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन कर छात्र छात्राओं को जागरूक करें। इस मौके पर भारतीय शिक्षण मंडल, नागपुर के अखिल भारतीय संगठन मंत्री मुकुल कानिटकर ने कहा, मुक्त शिक्षा, शिक्षार्थी केंद्रित है जिसमें विद्यार्थी अपनी गति एवं जरूरत के मुताबिक विषय वस्तु को सीखता है।'' उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सफल क्रियान्वयन में भी इस विश्वविद्यालय को प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि शोध के क्षेत्र में भी अग्रणी भूमिका निभाते हुए इस विश्वविद्यालय ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ की स्थापना करके एक सार्थक पहल की है। दीक्षांत समारोह में 19 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिया गया और अन्य छात्रों को विभिन्न उपाधियां प्रदान की गईं। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के नवनिर्मित अटल प्रेक्षागृह का भी उद्घाटन किया।

प्रयागराज

मौसम

कोई भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित न रहे : राज्यपाल

आनंदीबेन पटेल ने राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

संक्षेप

आनन्दीबेन पटेल ने अटल प्रेक्षागृह का किया लोकार्पण

दीक्षान्त समारोह में विभिन्न विद्याशाखाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले 19 शिक्षार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किये गए

राज्यपाल महोदया ने विशेष अध्ययन के लिए पदक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की दी शुभकामनाएं

छात्र-छात्राएं समाज सेवा के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में भी निभाएं अपनी महत्वपूर्ण भूमिका

स्कूली बच्चों को बैग एवं पुस्तक प्रदान कर स्कूल जाने के लिए किया प्रेरित

समय से पहले 'समय' पर नजर

नगर-संस्करण

न्यायाधीश

डाक रजिस्ट्रेशन नं.- ए.डी.34/2021-23

www.nyayadheesh.c

प्रयागराज शुक्रवार 05 मार्च, 2021 संस्थापक-स्व0 डा0 रघुबीर चन्द जिन्दल

05 मार्च, 2021 3

5 वर्ष तक के बच्चों को प्राथमिक शिक्षा से जोड़ें- राज्यपाल

आध्यात्मिक एवं बौद्धिक परंपरा का स्वाध्याय पूर्वक आत्ममंथन करे युवा पीढ़ी- मुकुल कानिटकर,उ. प्र. राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के 15 वें दीक्षांत समारोह में 19 को मिले स्वर्ण पदक,सहायक अध्यापक लक्ष्मी गुप्ता को मिला कुलाधिपति स्वर्ण पदक

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के 15 वें दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय की कुलाधिपति तथा राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कहा कि विकास का पहला आधार शिक्षा है। शिक्षा के माध्यम से समाज में बदलाव लाया जा सकता है। शिक्षा के साथ-साथ बच्चों का स्वास्थ्य और पोषण आवश्यक है इसके लिए परिवार और शिक्षकों की भूमिका बढ़ जाती है। राज्यपाल श्रीमती पटेल ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को संसाधन मुहैया कराने से प्रभु श्री राम के दर्शन करने जैसे संतोष का अनुभव होता है। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों को सशक्त बनाने की पहल करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों का विकास देश का विकास है। उन्होंने कहा कि माध्यमिक तथा उच्च शिक्षा विभाग का यह दायित्व है कि वह पाँच-पाँच आंगनबाड़ी केंद्रों को गोद लेकर उनके उन्नयन एवं संवर्धन का कार्य करें। श्रीमती पटेल ने कहा कि यदि हमें उच्च शिक्षा के 50% शैक्षिक सूचकांक को प्राप्त करना है तो प्राथमिक शिक्षा का स्तर उठाने के साथ ही साथ नामांकन निपात को भी बढ़ाना होगा। इसके लिए उन्होंने 5 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों को प्राथमिक शिक्षा से जोड़ने का आह्वान किया।

दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि मुकुल कानिटकर, अखिल भारतीय संगठन मंत्री, भारतीय शिक्षण मंडल, नागपुर ने दीक्षांत भाषण देते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह स्नातक के समावर्तन का उत्सव है। भारत की युवा पीढ़ी को हमारी उत्कृष्ट आध्यात्मिक एवं बौद्धिक परंपरा का स्वाध्याय पूर्वक आत्ममंथन करना चाहिए। हमारे प्राध्यापकों का भी यह परम कर्तव्य है कि वह छात्रों को अपने आचार, विचार और ज्ञान के अवबोध के माध्यम से प्रभावित करें। श्री कानिटकर ने कहा कि हमारी शिक्षा प्रणाली की बाह्य संरचना एवं आंतरिक प्राणस्वर के रचनात्मक पुनर्निर्धारण का कार्य इस शताब्दी की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। जिस के निदान का सूत्रपात राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने किया है।

मुख्य अतिथि श्री कानिटकर ने कहा कि वर्तमान युग सामाजिक विमर्श का युग है। सर्वस्पर्शी विकास की अवधारणा आज हमारे सामने है। ऐसे में समाज के वंचित वर्गों को समग्र विकास में सम्मिलित करना राष्ट्रीय शिक्षा नीति की शीर्ष प्राथमिकता है।

इससे पूर्व कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने कुलाधिपति एवं राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल एवं मुख्य अतिथि मुकुल कानिटकर का स्वागत किया तथा विश्वविद्यालय की गत वर्ष की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय अपने कार्यक्रमों की गुणवत्ता एवं समसामयिकता पर दृष्टि रखता है तथा केवल परिसर तक ही सीमित न होकर समाज में जन जन तक पहुंचने का प्रयास कर रहा है।

15वें दीक्षान्त समारोह में विभिन्न विद्याशाखाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले शिक्षार्थियों को 19 स्वर्ण पदक प्रदान किये गए, जिनमें 05 स्वर्ण पदक छात्रों तथा 14 स्वर्णपदक छात्राओं की झोली में आए। दीक्षान्त समारोह में सत्र दिसम्बर 2019 तथा जून 2020 की परीक्षा के सापेक्ष उत्तीर्ण लगभग 28659 हजार शिक्षार्थियों को उपाधि प्रदान की गई, जिसमें 15492 पुरुष तथा 13167 महिला शिक्षार्थी रहे।

जहाँ चाह है वहीं राह- लक्ष्मी गुप्ता

बीएड की परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाकर एक साथ तीन स्वर्ण पदक कुलाधिपति स्वर्ण पदक, विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक तथा दानदाता स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाली ग्रामीण पृष्ठभूमि की मेधावी छात्रा लक्ष्मी गुप्ता की बचपन से ही पुरस्कार पाने की उत्सुकता रही है। लक्ष्मी गुप्ता इस समय उच्च प्राथमिक विद्यालय, टेकुआपाली, सहजनवा, गोरखपुर में सहायक अध्यापक हैं। लक्ष्मी गुप्ता ने 1 अगस्त 2013 में प्राथमिक विद्यालय कसरवल, सहजनवा में स.अ. के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। पुनः 29334 भर्ती में सहायक अध्यापक (गणित विषय) के रूप में चयन होने के बाद उच्च प्राथमिक विद्यालय, टेकुआपाली, सहजनवा, गोरखपुर में 26 सितम्बर 2015 में कार्यभार ग्रहण किया। लक्ष्मी का कहना है सेवा में आने के बाद ऐसा लगा कि अब तो पढ़ाई संभव नहीं है। माध्यमिक शिक्षा में आने के लिए बी.एड. की आवश्यकता प्रतीत हुई। जब दूरस्थ शिक्षा के बारे में जानकारी हुई तो आशा की एक किरण दिखाई दी। सेवा में आने के बाद उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय (दूरस्थ शिक्षा) से स्वर्ण पदक के लिए चुना जाना वास्तव में मेरे लिए सुखद एवं गरिमामयी क्षण है। मैं इसके लिए माता-पिता, गुरुजनों एवं मित्रों को धन्यवाद देना चाहती हूँ। ऐसे लोग जो सेवा में हैं और किसी कारणवश उन्हें अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़नी पड़ी हो और यदि आगे पढ़ना चाहते हैं तो उनके लिए दूरस्थ शिक्षा एक बहुत ही अच्छा मंच है। जहाँ चाह है वहीं राह है। छात्र सकारात्मक सोच के साथ निरंतर कड़ी मेहनत करें तो वह अपने लक्ष्य में अवश्य सफल होंगे।

राज्यपाल ने किया अटल प्रेक्षागृह का लोकार्पण

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को विश्वविद्यालय में नवनिर्मित अत्याधुनिक प्रेक्षागृह का लोकार्पण किया। उक्त प्रेक्षागृह का नामकरण भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के नाम पर किया गया। उक्त प्रेक्षागृह अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। प्रयागराज में यह अपनी तरह का पहला ऑडिटोरियम है। जिसमें एक साथ 1000 व्यक्तियों के बैठने की क्षमता है। साथ ही डायस पर एक साथ 200 अतिथि बैठ सकते हैं। उक्त भवन का निर्माण कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज यूनिट- 33 उत्तर प्रदेश जल निगम प्रयागराज के तहत मैसर्स राजेश इंजीनियरिंग एसोसिएट द्वारा कराया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह मुख्य अतिथि मुकुल कानिटकर कुलसचिव डॉ अरुण कुमार गुप्ता वित्त अधिकारी अजय कुमार सिंह एवं इंजीनियर राजेश सिंह आदि उपस्थित रहे। ज्ञातव्य है कि उक्त प्रेक्षागृह का शिलान्यास तत्कालीन राज्यपाल राम नाईक ने किया था।

प्रमाण पत्र व मेडल के साथ बच्चों को समाज सेवा से जोड़ना जरूरी : राज्यपाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल मिल जाए, यह बड़ी बात नहीं। आप इस शिक्षा व्यवस्था से अब समाज में जा रहे हैं। वहां जाकर सभी कुछ ना कुछ योगदान करें। परिवार, समाज और राष्ट्र तीनों को समृद्ध करने हेतु आपको स्वयं के जीवन का लक्ष्य भी निर्धारित करना होगा।

यह बातें सूबे की राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ने गुरुवार को उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के 15वें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बच्चों को प्रमाण पत्र व मेडल देने के साथ-साथ उन्हें समाज सेवा से जोड़ना भी जरूरी है। चाहे वह कोई भी क्षेत्र हो।

उन्होंने कहा कि बच्चों की रुचि के अनुसार ही आगे बढ़ने को प्रेरित करें। दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों को औपचारिक शिक्षा का वह समापन पर्व है, जब उन्हें व्यावहारिक जीवन के उद्देश्यों से परिचित कराया जाता है और एक सुयोग्य नागरिक के रूप में कर्तव्य निर्वाह की प्रेरणा दी जाती है। इसलिए इस शैक्षिक पर्व का शिक्षार्थी के जीवन में बहुत महत्वपूर्ण स्थान होता है।

राज्यपाल ने बताया कि वह सुबह आंगनवाड़ी के बच्चियों से मिलने गयीं। वहां और यहां में काफी अन्तर है। समाज में यही ऊंच-नीच की खाई पाटने का पूरा प्रयास हो रहा है। उन्होंने कहा कि यदि सभी विद्यालय एक आंगनवाड़ी गोद ले तो यह खाई दूर हो सकती है। कुल 31 सरकारी एवं 45 प्राइवेट विश्वविद्यालय है। लखनऊ में 26 टेक्निकल कॉलेज है। बताया कि मैंने इसके लिए वार्ता की तो एक कॉलेज पांच आंगनवाड़ी को गोद लिया। इस प्रकार कुल 130 आंगनवाड़ी गोद लिये गये। उनको सरकारी सुविधाएं भी मिल रही हैं। इसी प्रकार प्रयागराज जनपद में भी वार्ता किया, तो यहां भी गोद लेने की बात चल रही है। उन्होंने आगे कहा कि बच्चों को घुमाने की व्यवस्था भी करनी चाहिए, जिससे उन्हें प्रेरणा मिलती है। उन्होंने बताया कि मै एक बार जेल में महिला कैदियों से मुलाकात करने गई। जहां अधिकतर महिलाएं दहेज के लिए अपनी बहू को जला कर मार डाली थी। पूछने पर ज्ञात हुआ कि उन्हें इस बात का बड़ा अफसोस है। ऐसे में अगर बच्चे देखेंगे तो उन्हें सीख मिलेगी कि हमें दहेज आदि के खिलाफ रहना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि मैंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उन्हें रिहा करने के लिए वार्ता की। जिस पर 60 साल से ऊपर या बीमार तीस महिलाओं को बीते 26 जनवरी को रिहा किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने बच्चों को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर शुभकामनाएं दी। और समाज में अच्छे कार्यों के लिए उन्हें जागरूक किया।

प्रयागराज

तन्मय और हंसम ने दौलत हुसैन को जिताया

उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विवि का 15वां दीक्षान्त समारोह

परिवार, समाज व राष्ट्र को समृद्ध कर जीवन का लक्ष्य निर्धारित करें: राज्यपाल

सपा स्वर्णकार समाज को सरकार में भागीदारी देगी : अखिलेश यादव

दैनिक जागरण

प्रयागराज, मंगलवार 9 मार्च, 2021

www.jagran.com

अंतिम एकादश का चयन बढ़ाएगा टीम प्रबंधन का सिरदर्द 16 | जोकोविक का खास रिकॉर्ड 16

युवा जागरण 13

दैनिक जागरण 4 प्रयागराज, 9 मार्च, 2021 www.jagran.com

एक क्लिक पर प्रदेशभर में पहुंचेगा मुविवि का प्रश्नपत्र

अनूठी पहल

- अध्ययन केंद्रों में डिजिटल प्रश्नपत्र से कराई जाएंगी परीक्षाएं
- परीक्षा शुरू होने से आधे घंटे पहले केंद्रों को मिलेगा पर्चा

पॉजिटिव न्यूज

'मुक्त विवि में अब डिजिटल प्रश्नपत्र के जरिए परीक्षाएं कराई जाएंगी। इससे गोपनीयता बनाए रखने के साथ खर्च में भी कमी आएगी। इसका ट्रायल किया जा चुका है। नए सत्र से नई व्यवस्था के तहत परीक्षा कराई जाएगी।'

प्रो. केएन सिंह, कुलपति

जागरण संवाददाता, प्रयागराज : उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय नए शैक्षणिक सत्र से परीक्षा पैटर्न में अहम बदलाव करने जा रहा है। अब प्रदेश भर के अध्ययन केंद्रों पर डिजिटल प्रश्नपत्र से परीक्षाएं कराई जाएंगी। इससे गोपनीयता बरकरार रहने के साथ खर्च में भी काफी कमी आएगी।

शासन की तरफ से सभी विश्वविद्यालयों को स्पष्ट निर्देश है कि कामकाज पेपरलेस किया जाए। इसी कड़ी में मुक्त विश्वविद्यालय ने पहले दफ्तर के कामकाज को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जोड़ा। अब यह तय किया गया है कि परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र की छपाई नहीं कराई जाएगी। ऑनलाइन मोड में तैयार प्रश्नपत्र परीक्षा से एक दिन पूर्व सिर्फ एक क्लिक पर सॉफ्टवेयर के जरिए सभी अध्ययन केंद्रों को भेजा जाएगा। परीक्षा शुरू होने से तकरीबन 30 मिनट पहले केंद्रों को पासवर्ड बताया जाएगा। इसके बाद प्रिंटआउट निकालकर परीक्षा कराई जाएगी। कार्यपरिषद की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी मिल गई है। परीक्षा नियंत्रक देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि नई व्यवस्था का ट्रायल सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और पीजी डिप्लोमा की परीक्षाओं में किया जा चुका है। अब इसे सभी पाठ्यक्रमों के लिए लागू करने का निर्णय लिया गया है।

दैनिक जागरण

inext

अब डिजिटल क्वैश्चन पेपर से एग्जाम

यूपीआरटीयू ने एग्जाम पैटर्न में किया बड़ा बदलाव, नये सत्र से किया जायेगा लागू

prayagraj@inext.co.in

PRAYAGRAJ (8 March): कोरोना महामारी ने स्कूलों और कालेजों में कई बदलाव को बढ़ावा दिया. जिससे नई चीजों खासतौर पर टेक्नो फ्रेंडली होने की दिशा में शैक्षणिक संस्थाएं तेजी से बढ़ रही है. इसी क्रम में यूपीआरटीओयू ने नए सेशन से अपने एग्जाम के पैटर्न में भी बड़ा बदलाव करने जा रहा है. जिससे परीक्षा की गोपनीयता बरकरार रहने के साथ ही परीक्षाओं के आयोजन में होने वाले खर्च में भी काफी कमी आयी. यूपीआरटीओयू की ओर से नए सत्र से प्रदेश के विभिन्न शहरों में बने अध्ययन केन्द्रो को डिजिटल क्वैश्चन पेपर भेजकर परीक्षाएं कराने की तैयारी शुरू हो गई है.

"यूनिवर्सिटी डिजिटल क्वैश्चन पेपर के जरिए परीक्षा कराने के लिए तैयारी कर रहा है. इससे पेपर की गोपनीयता बनी रहने के साथ ही खर्च में भी कटौती होगी. इसका सफल ट्रायल किया जा चुका है. नए सेशन से ये व्यवस्था लागू हो जाएगा.

प्रो. केएन सिंह
कुलपति, यूपीआरटीओयू

कैंपस को पेपर लेस बनाने की दिशा में होगा बड़ा कदम

यूपी गवर्नमेंट की ओर से सभी यूनिवर्सिटी को निर्देश दिया गया था कि वह अपने कैंपस को पेपरलेस बनाने के लिए प्रयास करें. इसके बाद अब यूनिवर्सिटी नई पहले करते हुए एग्जाम के लिए क्वैश्चन नही कराने का निर्णय लिया है.

- यूनिवर्सिटी ऑनलाइन मोड मे एग्जाम का क्वैश्चन पेपर तैयार करके उसे परीक्षा से एक दिन पहले अध्ययन केन्द्रो को उपलब्ध कराएगा.
- यूनिवर्सिटी की ओर से एक क्लिक पर सॉफ्टवेयर के जरिए एक साथ सभी अध्ययन केंद्रो को क्वैश्चन पेपर भेजा जाएगा.
- साथ ही एग्जाम शुरू होने से करीब 30 मिनट पहले सेंटर्स को पासवर्ड बताया जाएगा. जिससे वह प्रिंटआउट निकालकर परीक्षा करा सके. इससे पेपर लीक होने का खतरा भी नही होगा.
- साथ ही पेपर की छपाई मे आने वाला खर्च और पेपर को सेंटर्स तक भेजने मे आने वाले खर्च को भी बचाया जा सकेगा.
- पूर्व मे कार्य परिषद की बैठक मे यह प्रस्ताव रखा गया. वहां सर्वसम्मति से मंजूरी मिलने के बाद इस व्यवस्था को शुरू करने की क्वायद तेज हो गई है.
- यूनिवर्सिटी के एग्जाम कंट्रोलर देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि इस नई व्यवस्था का ट्रायल सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और पीजी डिप्लोमा की परीक्षाओं मे किया जा चुका है. इसमे सफलता मिलने के बाद इसे सभी पाठ्यक्रमो के लिए लागू करने का निर्णय लिया गया है.

भारत को हराकर द. अफ्रीका ने 4-1 से सीरीज जीती पेज 16 | तैयारी: बच्चे नहीं बना पाएंगे इंस्टाग्राम अकाउंट पेज 18

हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

बादशाहत बरकरार

www.livehindustan.com

07 • प्रयागराज • गुरुवार • 18 मार्च 2021 | हिन्दुस्तान | आज का दिन 1965 में सोवियत संघ के अंतरिक्ष यात्री एलेक्सी ने पहली बार अंतरिक्ष में चहलकदमी की। | **सिटी लाइव**

लिखित, इंटरव्यू के बाद प्री पीएचडी उत्तीर्ण करने पर ही छात्र जमा कर सकेंगे थीसिस

शोधार्थियों की कैंपस हाजिरी अनिवार्य

प्रयागराज | अनिकेत यादव

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय (मुविवि) में 12 साल बाद शैक्षिक सत्र 2020-21 में पीएचडी में दाखिला शुरू हुआ है। प्रवेश लेने वाले छात्रों को अनिवार्य रूप से कैंपस में उपस्थित होकर शोध कार्य करना होगा। पीएचडी शोध के लिए रिसर्च गाइड सिर्फ विश्वविद्यालय के शिक्षक ही बनेंगे। जबकि पहले रिसर्च निर्देशक बाहर के एलॉट होते थे। पूर्व में शोधार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य नहीं होती थी। कुलपति प्रो. केएन सिंह ने बताया कि अब यूजीसी के रेगुलेशन 2018 अनुसार शोध में प्रवेश सुनिश्चित किया गया है। इस प्रक्रिया के तहत शोधार्थी का शैक्षणिक अभिलेख, लिखित परीक्षा का अंक व इंटरव्यू का अंक जोड़कर प्रवेश सूची तैयार की जाएगी। इस आधार पर छात्रों को शोध में प्रोविजनल प्रवेश की अनुमति मिल जाएगी। लेकिन उन्हें छह माह का नियमित प्री पीएचडी कोर्स पूरा करना पड़ेगा। उसमें सफलता के बाद पीएचडी में प्रवेश होगा। यदि छात्र प्री पीएचडी टेस्ट में फेल हो जाएगा तो उसका थीसिस नहीं जमा होगी।

प्रो. सिंह ने पीएचडी में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा पूरी हो गई है। शोध में प्रवेश के लिए कुछ विषयों का इंटरव्यू भी हो चुका है। प्री पीएचडी के लिए छात्रों की 75 फीसदी उपस्थिति अनिवार्य है। प्रो. सिंह ने बताया कि शोध कार्यों की समीक्षा के लिए कुलपति की अध्यक्षता में रिसर्च एडवाइजरी कमेटी का गठन भी कर दिया गया है।

मुविवि

- कुलपति की अध्यक्षता में रिसर्च एडवाइजरी कमेटी का गठन
- रेगुलेशन 2018 के अनुसार शोध में प्रवेश सुनिश्चित किया गया

13 विषयों के सापेक्ष 47 सीटों पर होगा प्रवेश

प्रो. सिंह ने बताया कि 13 विषयों के सापेक्ष 47 सीटों पर प्रवेश होगा। कृषि व्यवसाय प्रबंधन में 1, सांख्यिकीय में 3, न्यूट्रिशन में 4, कम्प्यूटर सांइस में 4, स्वास्थ्य शिक्षा में 5, व्यवसाय प्रशासन और प्रबंधन में 8, वाणिज्य में 11, संस्कृत और प्राकृत भाषा में 14, पत्रकारिता एवं जनसंचार में 15, राजनीति शास्त्र में 26 सीटों पर प्रवेश होगा।

क्षेत्रीय केन्द्र नोएडा में एम.एल.आइ.एस की प्रयोगात्मक परीक्षा संपन्न

विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह 15 अप्रैल को

अमृत विचार, बरेली

उ.प्र. राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय कार्यालय का भवन।

एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह 15 अप्रैल को होगा। राजभवन से राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के दीक्षांत समारोह में शामिल होने की तारीख दे दी गई है। राज्यपाल डोहरा सेक्टर तीन में बने उ.प्र. राजर्षि टंडन मुक्त विवि के क्षेत्रीय कार्यालय के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण भी करेंगी।

बता दें कि विश्वविद्यालय ने दीक्षांत समारोह की तैयारी काफी पहले शुरू की थी। रुविवि ने ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों मोड में समारोह कराने के लिए फरवरी में तारीख मांगी थी लेकिन नहीं मिली। बाद में दीक्षांत समारोह में शामिल होने वाले टॉपर्स की सूची भी जारी की गई। अब राजभवन से तारीख तय कर दी गई है। राज्यपाल 15 अप्रैल को दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। इसे लेकर विश्वविद्यालय ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जल्द ही इसे लेकर बैठक की जाएगी। छात्र-छात्राओं के ड्रेसकोड पहले ही निर्धारित कर दिए गए हैं। राज्यपाल का कार्यक्रम आने के बाद पुलिस भी एक्टिव हो गई है। खुफिया एजेंसियां भी तैयारियों में जुट गई हैं। क्षेत्रीय समन्वयक डा. आरबी सिंह ने बताया कि नए भवन तीन मंजिला बना है। इसमें कक्षाएं भी संचालित होंगी। परीक्षाओं का भी आयोजन किया जाएगा। राज्यपाल के कार्यक्रम मिलने के बाद तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। रुविवि के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने बताया कि दीक्षांत समारोह 15 अप्रैल को होगा। राज्यपाल दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। राजभवन से तारीख दे दी गई है।

15 अप्रैल को होगा दीक्षांत समारोह 88 टॉपर को मिलेंगे गोल्ड मेडल

राजभवन से तय हुई समारोह की तिथि, तैयारियों में जुटा विश्वविद्यालय प्रशासन

अमर उजाला ब्यूरो

बरेली। एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के लिए कुलपति की ओर से भेजे गए पत्र का कुलाधिपति से जवाब आ गया है। राजभवन ने 15 अप्रैल को समारोह के आयोजन की तिथि प्रस्तावित की है। कुलाधिपति राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के दीक्षांत समारोह में शामिल होने की स्वीकृति भी विश्वविद्यालय प्रशासन को दे दी गई है। तिथि तय होते ही विश्वविद्यालय प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। समारोह में 88 टॉपर्स को गोल्ड मेडल दिए जाएंगे।

विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के अलावा राज्यपाल आनंदीबेन पटेल डोहरा के सेक्टर तीन में बने उप्र राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय कार्यालय के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण भी करेंगी। दोनों ही कार्यक्रमों के लिए तिथि जारी होने के बाद तैयारियां तेज हो गई हैं। बता दें कि महीने भर पहले से ही विश्वविद्यालय ने दीक्षांत समारोह की तैयारी शुरू कर दी थी। कुलपति की ओर से भेजे गए पत्र में 10 से 20 मार्च के बीच दीक्षांत समारोह की तिथि निर्धारित करने का अनुरोध किया गया था। विश्वविद्यालय ने 88 टॉपर्स की सूची भी जारी कर दी थी। राज्यपाल ने अब 15 अप्रैल को विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आयोजित करने की अनुमति दी है। समारोह में कौन-कौन अतिथि होंगे, कहां कार्यक्रम किया जाएगा, कितने छात्र शामिल होंगे आदि की रूपरेखा तैयार करने को जल्द बैठक होगी।

एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय

निर्धारित है ड्रेस कोड, खुफिया एजेंसी अलर्ट

दीक्षांत समारोह के लिए टॉपर्स का ड्रेसकोड पहले ही निर्धारित कर दिया गया है। उधर, राज्यपाल का कार्यक्रम आने के बाद पुलिस प्रशासन और खुफिया एजेंसियां भी सक्रिय हो गई हैं। दीक्षांत समारोह के बाद राज्यपाल राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय कार्यालय के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करेंगी। क्षेत्रीय समन्वयक डॉ. आरबी सिंह के मुताबिक, लोकार्पण के बाद इस तीन मंजिला नव निर्मित भवन में ही कक्षाएं चलेंगी और परीक्षाएं होंगी।

मुक्त चिंतन
उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय
(उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित)
A Quarterly Bulletin of UP Rajarshi Tandon Open University, Prayagraj
हम पहुंचे वहां पहुंचा न कोई जहां
18 मार्च, 2021

मुक्त विश्वविद्यालय ने किया नैक मुल्यांकन के एस.एस.आर. की ऑनलाइन प्रक्रिया पूर्ण

एस.एस.आर. की ऑनलाइन प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए विश्वविद्यालय के मा0 कुलपति, प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह

दिनांक 18 मार्च, 2021 को उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय ने नैक के प्रथम चरण एस.एस.आर. का सफलतापूर्वक आवेदन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के मा0 कुलपति, प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने एस. एस.आर. की ऑनलाइन प्रक्रिया को पूर्ण किया।

प्रो. ओमजी गुप्ता, निदेशक, सी.आई.क्यू.ए. ने सभी मा0 अतिथियों का स्वागत किया एवं प्रो. आशुतोष गुप्ता, सहनिदेशक, सी.आई.क्यू.ए. ने धन्यवाद ज्ञापित किया इस अवसर पर प्रो. पी.पी. दुबे, प्रो. पी.के. पाण्डेय, प्रो. सन्तोषा कुमार, प्रो. जी.एस. शुक्ल, प्रो. सुधांशु त्रिपाठी प्रो. विनोद कुमार गुप्त, डॉ. श्रुति, डॉ. गौरव संकल्प, श्री अवनीश चन्द्र, श्री संजय प्रकाश, श्री राघवेन्द सिंह, श्री शहबाज अहमद उपस्थि रहे।

मा0 अतिथियों का स्वागत करते हुए सी.आई.क्यू.ए. के निदेशक, प्रो0 ओमजी गुप्ता

एस.एस.आर. की ऑनलाइन प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए विश्वविद्यालय के मा0 कुलपति, प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह तथा साथ में विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण

कार्यक्रम में उपस्थित विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण

हमारी गतिविधियाँ ही संस्थाओं को जीवंत रखती है : प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह

मा0 कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह

एस.एस.आर. की ऑनलाइन प्रक्रिया के पूर्ण होने के अवसर पर बोलते हुए विश्वविद्यालय के मा0 कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा नैक विश्वविद्यालय का मूल्यांकन होता है। हमारी गतिविधियाँ ही संस्थाओं को जीवंत रखती है सबको एक भाव भावना से कार्य करना चाहिए आपसी सामंजस्य एवं विश्वविद्यालय को सर्वपरी रखकर कार्य करना चाहिए सी.आई.क्यू.ए. ने अभूतपूर्व कार्य किया है इसके लिए उसको साधूवाद ।

धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सी.आई.क्यू.ए. के सहनिदेशक, प्रो0 आशुतोष गुप्ता

दैनिक जागरण

www.jagran.com

रिलायंस-फ्यूचर ग्रुप सौदे पर रोक 15

टी-20 में रोहित ने पूरे किए 9000 रन 16

पहली बार मुक्त विवि की ग्रेडिंग तय करेगी नैक

गुरुदीप त्रिपाठी ● प्रयागराज

राजभवन में कुलपतियों के साथ बैठक में कुलाधिपति ने दिए थे निर्देश, विवि की तरफ से गुरुवार को पूरी कर ली आवेदन प्रक्रिया

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) पहली बार उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की ग्रेडिंग तय करेगी। कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह की पहल पर आवेदन की प्रक्रिया भी लगभग पूरी कर ली गई है। अब 50 दिन के भीतर नियत समय में टीम विश्वविद्यालय पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण करेगी। इसके बाद विवि की ग्रेड तय होगी।

कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल ने पदभार ग्रहण करते ही राजभवन में सभी राज्य विश्वविद्यालय के कुलपतियों के साथ बैठक की थी। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा गया था कि सभी विश्वविद्यालय नैक मूल्यांकन कराएं। मुक्त विश्वविद्यालय ने जुलाई में कवायद भी शुरू कर दी। पहले चरण में सभी दस्तावेज सेंटर फॉर इंटरनल क्वालिटी एस्योरेंश (सीआइक्यूए) के तहत इंस्टीट्यूशनल इनफॉरमेशन क्वालिटी एसेसमेंट (आइआइक्यूए) नैक को भेजे गए। वहां से कुछ सुझाव मिलने के बाद दूसरी बार में आइआइक्यूए स्वीकृत हो गया। इसके साथ विवि ने 45 दिनों के भीतर सेल्फ स्टडी रिपोर्ट भेजने की तैयारी शुरू की। गुरुवार को इस रिपोर्ट में विवि के सभी दस्तावेज और उसको सत्यापित करने वाले प्रमाण पत्र ऑनलाइन नैक की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए। सेल्फ स्टडी रिपोर्ट सबमिट होने के बाद नैक एजेंसी के माध्यम से जांच करेगी। ऑनलाइन वेरीफिकेशन में 70 फीसद दस्तावेज में सत्यता पाए जाने पर नैक टीम रिपोर्ट को सही मानते हुए विवि प्रशासन को ईमेल के माध्यम से टीम विजिट के लिए प्रपत्र भेजेगी।

मई में टीम कर सकती है विजिट

नैक मूल्यांकन में एसएसआर को हरी झंडी मिलने के बाद 50 दिनों में टीम को विजिट करना है। नैक की ओर से तीन तिथि दी जाएंगी। इनमें एक तिथि विवि प्रशासन को अपने स्तर पर तय करके नैक टीम को भेजनी पड़ेगी। उम्मीद है कि विवि प्रशासन मार्च मई के शुरुआत में ही नैक टीम को आमंत्रित करेगा।

> सीआइक्यूए और सेल्फ स्टडी रिपोर्ट सबमिट हो गया है। यह बड़ी उपलब्धि है। अब टीम विजिट करेगी। उम्मीद है कि विवि को अच्छी ग्रेडिंग मिलेगी।
>
> – **प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह**, कुलपति।

प्रयागराज, शुक्रवार
19 मार्च, 2021
नगर संस्करण***
मूल्य ₹ 6.00
पृष्ठ 18

दैनिक जागरण

www.jagran.com

रिलायंस-फ्यूचर ग्रुप सौदे पर रोक 13

टी-20 में रोहित ने पूरे किए 9000 रन 14

मुक्त विवि की ग्रेडिंग तय करेगी नैक

राजभवन में कुलपतियों के साथ बैठक में कुलाधिपति ने दिए थे निर्देश

गुरुदीप त्रिपाठी • प्रयागराज

> विश्वविद्यालय की तरफ से सीआइक्यूए और सेल्फ स्टडी रिपोर्ट सबमिट हो गया है। यह बड़ी उपलब्धि है। अब टीम विजिट करेगी। उम्मीद है कि विवि को अच्छी ग्रेडिंग मिलेगी। - **प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह, कुलपति।**

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) पहली बार उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की ग्रेडिंग तय करेगी। कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह की पहल पर आवेदन की प्रक्रिया भी लगभग पूरी कर ली गई है। अब 50 दिन के भीतर नियत समय में टीम विश्वविद्यालय पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण करेगी। इसके बाद विवि की ग्रेड तय होगी।

कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल ने पदभार ग्रहण करते ही राजभवन में सभी राज्य विश्वविद्यालय के कुलपतियों के साथ बैठक की थी। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा गया था कि सभी विश्वविद्यालय नैक मूल्यांकन कराएं। मुक्त विश्वविद्यालय ने जुलाई में कवायद भी शुरू कर दी। पहले चरण में सभी दस्तावेज सेंटर फॉर इंटरनल क्वालिटी एस्योरेंश (सीआइक्यूए) के तहत इंस्टीट्यूशनल इनफॉरमेशन क्वालिटी एसेसमेंट (आइआइक्यूए) नैक को भेजे गए। वहां से कुछ सुझाव मिलने के बाद दूसरी बार में आइआइक्यूए स्वीकृत हो गया। इसके साथ विवि ने 45 दिनों के भीतर सेल्फ स्टडी रिपोर्ट भेजने की तैयारी शुरू की। गुरुवार को इस रिपोर्ट में विवि के सभी दस्तावेज और उसको सत्यापित करने वाले प्रमाण पत्र ऑनलाइन नैक की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए। सेल्फ स्टडी रिपोर्ट सबमिट होने के बाद नैक एजेंसी के माध्यम से जांच करेगी। ऑनलाइन वेरीफिकेशन में 70 फीसद दस्तावेज में सत्यता पाए जाने पर नैक टीम रिपोर्ट को सही मानते हुए विवि प्रशासन को ईमेल के माध्यम से टीम विजिट के लिए प्रपत्र भेजेगी। उम्मीद जताई जा रही है कि अब 50 दिन की समय सीमा के अंदर नैक टीम स्थलीय जांच करने पहुंचेगी। नैक टीम के विजिट के बाद विवि को नैक की ग्रेडिंग मिल जाएगी। कुलपति ने इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए सीआइक्यूए के निदेशक प्रो. ओमजी गुप्ता और प्रो. आशुतोष गुप्ता को शुभकामनाएं दीं।

मई में टीम कर सकती है विजिट : नैक मूल्यांकन में एसएसआर को हरी झंडी मिलने के बाद 50 दिनों में टीम को विजिट करना है। इसके लिए नैक की ओर से तीन तिथि दी जाएंगी। इनमें एक तिथि विवि प्रशासन को अपने स्तर पर तय करके नैक टीम को भेजनी पड़ेगी। उम्मीद है कि विवि प्रशासन मार्च मई के शुरुआत में ही नैक टीम को आमंत्रित करेगा।

मुक्त चिंतन

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय

(उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित)

A Quarterly Bulletin of UP Rajarshi Tandon Open University, Prayagraj

हम पहुंचे वहां पहुंचा न कोई जहां

20 मार्च, 2021

आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव

12 मार्च 2021 से 15 अगस्त 2023

आयोजक : उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

राष्ट्रवाद के लिए करें मस्तिष्क का उपयोग: न्यायमूर्ति रणविजय सिंह

मुक्त विश्वविद्यालय में राष्ट्र्धर्म एवं राष्ट्रवाद पर व्याख्यान का आयोजन

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी शासनादेश्क्ष के सापेक्ष अरजरदी की 75वीं वर्षगाठ के अवसर पर '' **आजादी का अमृत महोत्सव**'' के क्रम में उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज द्वारा '' **राष्ट्रधर्म एवं राष्ट्रवाद**'' विषय पर व्याख्यान का आयोजन दिनांक 20 मार्च, 2021 को विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित लोमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में आयोजित किया गया। **कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मा0 न्यायमूर्ति श्री रणविजय सिंह जी तथा सारस्वत अतिथि आई.जी. प्रयागराज, श्री कविन्द्र प्रताप सिंह जी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी** ने की।

इससे पूर्व प्रारम्भ में अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम संयोजक प्रो0 सत्य पाल तिवारी ने किया। कार्यक्रम के बारे में डॉ0 आनंदानंद त्रिपाठी ने जानकारी दी। संचालन डॉ0. सुरेन्द्र कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 सतीश चन्द्र जैसल ने किया। इसके उपरान्त समरसता सह भोज का आयोजन किया गया।

दीप प्रज्ज्वलित कर व्याख्यान का शुभारम्भ करते हुए माननीय अतिथिगण।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में मुख्य अतिथि मा0 न्यायमूर्ति श्री रणविजय सिंह जी तथा सारस्वत अतिथि श्री कविन्द्र प्रताप सिंह जी एवं विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी ने दीप प्रज्ज्वलित का कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर अतिथियों ने मॉ0 सरस्वती जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण किए। डॉ0 आनंदानंद त्रिपाठी, डॉ0 स्मिता अग्रवाल एवं डॉ0 साधना श्रीवास्तव ने मा0 अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए सह–सयोजक डॉ0 सुरेन्द्र कुमार एवं मंचासीन माननीय अतिथिगण।

सभागार में उपस्थित श्रोतागण।

मा0 अतिथियों का स्वागत

मुख्य अतिथि मा0 न्यायमूर्ति श्री रणविजय सिंह जी को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत करते हुए डॉ0 आनंदानंद त्रिपाठी।

सारस्वत अतिथि श्री कविन्द्र प्रताप सिंह जी को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत करती हुई डॉ0 स्मिता अग्रवाल।

मा0 कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत करती हुई डॉ0 साधना श्रीवास्तव।

कार्यक्रम संयोजक प्रो0 सत्य पाल तिवारी जी को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत करते हुए डॉ0 टी विक्रम तिवारी।

सभागार में उपस्थित श्रोतागण।

अतिथि परिचय एवं स्वागत



मा0 अतिथियों का परिचय एवं स्वागत करते हुए कार्यक्रम संयोजक प्रो0 सत्य पाल तिवारी।

कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए डॉ0 आनंदानंद त्रिपाठी

सारस्वत अतिथि का उद्‌बोधन

अपने विचार व्यक्त करते हुए सारस्वत अतिथि श्री कविन्द्र प्रताप सिंह जी

एक सोच से प्रेरित होकर कार्य करने लगे तो वही राष्ट्रवाद है : कविंद्र प्रताप सिंह

विशिष्ट अतिथि प्रयागराज जोन के पुलिस महानिरीक्षक श्री कविंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि किसी देश की पहचान उसके धर्म से ही होती है और बहुसंख्यक लोगों के आधार पर देश का धर्म बनता है। उन्होंने कहा कि हमें इस बात की खुशी है कि आजादी के 75 वें वर्ष पर आयोजित होने वाले अमृत महोत्सव में हम सभी शरीक हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब राष्ट्र में रहने वाले लोगों की मान्यताएं, धर्म, संस्थाएं इत्यादि एक सोच से प्रेरित होकर कार्य करने लगे तो वही राष्ट्रवाद है। उन्होंने कहा कि जब लोग गंभीरता से देश के कानून, परंपराएं एवं मान्यताओं को मानने लगते हैं तो इसे ही प्रखर राष्ट्रवाद कहा जाता है। लोग अपने अपने क्षेत्रों के मूल्यों का ईमानदारी से पालन करें तो इससे बढ़कर दूसरा राष्ट्रवाद नहीं हो सकता। हमारी पहचान इसलिए है कि हम सनातन हैं

अतिथि सम्मान

सारस्वत अतिथि श्री किवन्द्र प्रताप सिंह जी को अंगवस्त्र, श्रीफल तथा सर्व समावेशी संस्कृति कुम्भ की पुस्तक भेंट कर उनका सम्मान करते हुए विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी साथ में कार्यक्रम संयोजक प्रो0 सत्य पाल तिवारी

सभागार में उपस्थित विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण एवं स्रोतागण।

आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर

आजादी का अमृत महोत्सव

12 मार्च 2021 से 15 अगस्त 2023

आयोजक : उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

मुख्य अतिथि मा0 न्यायमर्ति श्री रणविजय सिंह जी को अंगवस्त्र, श्रीफल तथा सर्व समावेशी संस्कृति कुम्भ की पुस्तक भेंट कर उनका सम्मान करते हुए विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी साथ में कार्यक्रम संयोजक प्रो0 सत्य पाल तिवारी

माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी को अंगवस्त्र, श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान करते हुए कार्यक्रम संयोजक प्रो0 सत्य पाल तिवारी एवं डॉ0 आनंदानंद त्रिपाठी

सभागार में उपस्थित विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण एवं स्रोतागण।

मुख्य अतिथि का उद्‌बोधन

मा0 न्यायमूर्ति श्री रणविजय सिंह जी

राष्ट्रवाद के लिए करें मस्तिष्क का उपयोग: न्यायमूर्ति रणविजय सिंह

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में शनिवार को आयोजित आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के अवसर पर राष्ट्रधर्म एवं राष्ट्रवाद विषय पर व्याख्यान देते हुए मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति श्री रणविजय सिंह ने कहा कि हम विश्व गुरु तभी हो सकते हैं जब हमारे अंदर समता, समरसता और सरलता का भाव हो। सर्वे भवंतु सुखिन: को मानने एवं पालन करने वाले हम सभी अखिल ब्रह्मांड में व्याप्त हैं लेकिन वर्तमान दौर में अत्यधिक सतर्कता और सजगता की आवश्यकता है। राष्ट्रवाद का उदाहरण देते हुए न्यायमूर्ति सिंह ने बताया कि सुभाष चंद्र बोस के एक आह्वान पर जनमानस अपना सर्वस्व न्योछावर करने के लिए तत्पर रहता था, यही राष्ट्रवाद है। उन्होंने कहा कि हमारा चिंतन समष्टिपरक है, इस कारण हम कभी भी विभेद कर ही नहीं सकते। हमारी संस्कृति में तो जीव के साथ-साथ प्राणी मात्र के कल्याण का भी विषय छुपा हुआ रहता है। जब हम विश्वकल्याण की बात करेंगे तो हमारा कल्याण स्वयं हो जाएगा। उन्होंने विश्वविद्यालय के शिक्षकों से अपील की कि वे अपने मस्तिष्क का उपयोग राष्ट्रवाद के लिए करें।

अध्यक्षीय उद्बोधन

कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह

सुख-दु:ख के सम्भाव से ही देश का धर्म बनता है और यही राष्ट्रवाद है- प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह

अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि भूख, भय और भ्रष्टाचार जब तक हमारे देश से मिटेगा नहीं तब तक हम सही मायने में स्वतंत्रता की कल्पना नहीं कर सकते। उन्होंने भारतीय और पश्चिमी विचारधारा में अंतर करते हुए बताया कि पश्चिम की विचारधारा नस्ल से प्रभावित है जबकि हमारी विचारधारा संस्कृति के प्रवाह से प्रभावित है। उन्होंने कहा कि सुख-दु:ख के सम्भाव से ही देश का धर्म बनता है और यही राष्ट्रवाद है।

धन्यवाद ज्ञापन करते हुए असिस्टेन्ट प्रोफेसर, पत्रकारिता एवं जनसंचार, डॉ0 सतीश चन्द्र जैसल।

राष्ट्रगान

करते हुए

मा0 अतिथि

एवं

विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण

समरसता सह भोज का आयोजन

विश्वविद्यालय में स्थापित हनुमान मंदिर में भोग लगाते हुए विश्वविद्यालय के मा0 कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी एवं विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण।

विश्वविद्यालय के मा0 कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी की पहल पर विश्वविद्यालय में समरसता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के परिवार के सभी सदस्य पंक्तिबद्ध आसन ग्रहण कर सम्मिलित हुए। समरसता भोज का आयोजन भोजन मंत्र के साथ प्रारम्भ हुआ।

समरसता भोज के अवसर पर पंक्तिबद्ध आसन ग्रहण कर सम्मिलित हुए विश्वविद्यालय के परिवार के सदस्यगण।

समरसता भोज के अवसर पर पंक्तिबद्ध आसन ग्रहण कर सम्मिलित हुए विश्वविद्यालय के परिवार के सदस्यगण।

समरसता भोज के अवसर पर पंक्तिबद्ध आसन ग्रहण कर सम्मिलित हुए विश्वविद्यालय के परिवार के सदस्यगण।

समरसता भोज के अवसर पर पंक्तिबद्ध आसन ग्रहण कर सम्मिलित हुए विश्वविद्यालय के परिवार के सदस्यगण।

Prayagraj, Sunday, 21 March 2021
PRAYAGRAJ EDITION
Within Prayagraj City- Price ₹ 2.50/- Outside Prayagraj City- Price ₹ 3.00/- Pages 12

दैनिक जागरण

Only at ₹2.50 daily

www.inextlive.com | Published from PRAYAGRAJ • Agra • Bareilly • Dehradun • Gorakhpur • Jamshedpur • Kanpur • Lucknow • Meerut • Patna • Ranchi • Varanasi

इलाहाबाद युनिवर्सिटी को जारी किया आरसी } 03
inext
सुशांत की मौत के बाद पहली बार कृति ने तोड़ी चुप्पी } 10
Trending Hashtags #AnilDeshmukh #Hitman
Max : 35.0° C Min : 21.0° C
आई नेक्स्ट बुक करने के लिए लॉग इन करें : www.bookmyinext.com

'विश्व गुरु बनने के लिए समरसता जरूरी'

यूपीआरटीओयू में अमृत महोत्सव के मौके पर आयोजित हुआ व्याख्यान

prayagraj@inext.co.in

PRAYAGRAJ (20 March): उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में शनिवार को आयोजित आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के अवसर पर राष्ट्रधर्म एवं राष्ट्रवाद विषय पर व्याख्यान देते हुए मुख्य अतिथि जस्टिस रणविजय सिंह ने कहा कि हम विश्व गुरु तभी हो सकते हैं जब हमारे अंदर समता, समरसता और सरलता का भाव हो. सर्वे भवंतु सुखिन: को मानने एवं पालन करने वाले हम सभी अखिल ब्रह्मांड में व्याप्त हैं.

यूपीआरटीओयू में आयोजित अमृत महोत्सव में अतिथियों को किया गया सम्मानित.

वर्तमान दौर में अत्यधिक सतर्कता और सजगता की आवश्यकता है. राष्ट्रवाद का उदाहरण देते हुए न्यायमूर्ति सिंह ने बताया कि सुभाष चंद्र बोस के एक आह्वान पर जनमानस अपना सर्वस्व न्योछावर करने के लिए तत्पर रहता था, यही राष्ट्रवाद है.

स्पेशल गेस्ट आईजी रेंज केपी सिंह ने कहा कि किसी देश की पहचान उसके धर्म से ही होती है और बहुसंख्यक लोगों के आधार पर देश का धर्म बनता है. उन्होंने कहा कि हमें इस बात की खुशी है कि आजादी के 75 वें वर्ष पर आयोजित होने वाले अमृत महोत्सव में हम सभी शरीक हो रहे हैं. उन्होंने कहा कि जब राष्ट्र में रहने वाले लोगों की मान्यताएं, धर्म, संस्थाएं इत्यादि एक सोच से प्रेरित होकर कार्य करने लगे तो वही राष्ट्रवाद है. अतिथियों का स्वागत डॉ सत्यपाल तिवारी ने किया. संचालन डॉ सुरेंद्र कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ सतीश चंद जैसल ने किया.

Classifieds
Requirement

दैनिक जागरण
युवा जागरण 15

'राष्ट्रवाद के लिए करें मस्तिष्क का प्रयोग'

जासं, प्रयागराज : उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में आजादी के 75वें अमृत महोत्सव पर 'राष्ट्रधर्म एवं राष्ट्रवाद' विषयक व्याख्यान हुआ। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति रणविजय सिंह ने कहा, हम विश्वगुरु तभी होंगे, जब हमारे अंदर समता, समरसता और सरलता का भाव हो। शिक्षक मस्तिष्क का उपयोग राष्ट्रवाद के लिए करें। विशिष्ट अतिथि प्रयागराज जोन के पुलिस महानिरीक्षक कविंद्र प्रताप सिंह ने कहा, देश की पहचान धर्म से होती है। अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि भूख, भय और भ्रष्टाचार जब तक मिटेगा नहीं तब तक सही मायने में स्वतंत्रता नहीं कह सकते। सामूहिक समरसता सह भोज भी हुआ। कार्यक्रम में डा. आनंदानंद त्रिपाठी, डा. सुरेंद्र कुमार, डा. सतीश चंद आदि उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर

राष्ट्रवाद के लिए करें मस्तिष्क का उपयोग: न्यायमूर्ति रणविजय सिंह

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में शनिवार को आयोजित आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के अवसर पर राष्ट्रधर्म एवं राष्ट्रवाद विषय पर व्याख्यान देते हुए मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति श्री रणविजय सिंह ने कहा कि हम विश्व गुरु तभी हो सकते हैं जब हमारे अंदर समता, समरसता और सरलता का भाव हो। सर्वे भवंतु सुखिनः को मानने एवं पालन करने वाले हम सभी अखिल ब्रह्मांड में व्याप्त हैं लेकिन वर्तमान दौर में अत्यधिक सतर्कता और सजगता की आवश्यकता है। राष्ट्रवाद का उदाहरण देते हुए न्यायमूर्ति सिंह ने बताया कि सुभाष चंद्र बोस के एक आह्वान पर जनमानस अपना सर्वस्व न्योछावर करने के लिए तत्पर रहता था, यही राष्ट्रवाद है। उन्होंने कहा कि हमारा चिंतन समष्टिपरक है, इस कारण हम कभी भी विभेद कर ही नहीं सकते। हमारी संस्कृति में तो जीव के साथ-साथ प्राणी मात्र के कल्याण का भी विषय छुपा हुआ रहता है।

वूमेन एक्सप्रेस
www.womenexpress.in Email: thewomenexpress@gmail.com
• वर्ष 9 • अंक 32 • हिन्दी दैनिक • नई दिल्ली सोमवार 22 मार्च 2021 • पृष्ठ 8 • मूल्य 1 रुपया • डाक पंजीयन DL (E)-20/5448/2017-19

राष्ट्रवाद के लिए करें मस्तिष्क का उपयोग: न्यायमूर्ति रणविजय सिंह

(विशेष संवाददाता)

प्रयागराज । उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में शनिवार को आयोजित आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के अवसर पर राष्ट्रधर्म एवं राष्ट्रवाद विषय पर व्याख्यान देते हुए मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति श्री रणविजय सिंह ने कहा कि हम विश्व गुरु तभी हो सकते हैं जब हमारे अंदर समता, समरसता और सरलता का भाव हो। सर्वे भवंतु सुखिनः को मानने एवं पालन करने वाले हम सभी अखिल ब्रह्मांड में व्याप्त हैं लेकिन वर्तमान दौर में अत्यधिक सतर्कता और सजगता की आवश्यकता है। राष्ट्रवाद का उदाहरण देते हुए न्यायमूर्ति सिंह ने बताया कि सुभाष चंद्र बोस के एक आह्वान पर जनमानस अपना सर्वस्व न्योछावर करने के लिए तत्पर रहता था, यही राष्ट्रवाद है। उन्होंने कहा कि हमारा चिंतन समष्टिपरक है, इस कारण हम कभी भी विभेद कर ही नहीं सकते। हमारी संस्कृति में तो जीव के साथ साथ प्राणी मात्र के कल्याण का भी विषय छुपा हुआ रहता है। जब हम विश्वकल्याण की बात करेंगे तो हमारा कल्याण स्वयं हो जाएगा। उन्होंने विश्वविद्यालय के शिक्षकों से अपील की कि वे अपने मस्तिष्क का उपयोग

राष्ट्रवाद के लिए करें।

